>

Ttile: Regarding starting of Sawai-Madhopur Line in Gwalior, Madhya Pradesh.

श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर): माननीय अध्यक्ष जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे पहली बार बोलने का मौका दिया । मैं ग्वालियर से आता हूँ, जिसका प्रतिनिधित्व मान्यवर श्रद्धेय अटल बिहारी वापजेयी जी, श्रद्धेय राजामाता सिंधिया जी, माधव राव सिंधिया जी आदि सभी ऐसे महापुरुषों ने किया है । तीन संसदीय क्षेत्रों ग्वालियर, मुरैना और गुना शिवपुरी इन तीनों को लाभ देने वाली एक संवाई माधोपुर–झांसी रेल लाइन के बारे में मैं निवेदन करने के लिए यहाँ पर खड़ा हूँ । इस रेल मार्ग का सर्वे 2015 में ही पूरा हो चुका है । किन्हीं कारणों से यह काम चालू नहीं हो पा रहा है । मैं आपके ध्याम में एक और बात दिलाना चाहता हूँ कि आईटीबीपी का एक बहुत बड़ा महत्वपूर्ण केन्द्र शिवुपरी जिले के करैरा में आता है । सामरिक द्दष्टि से भी मेरा यह मानना है कि इस रेल लाइन का बहुत लाभ इस देश को होगा ।

इतना ही नहीं, इस रेल लाइन के बनने के बाद दो प्रदेशों की राजधानी जयपुर और लखनऊ को भी सीधे रेल लाइन से जुड़ने का अवसर प्राप्त हो सकता है ।

मेरा आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से निवेदन है कि वे इस ओर गंभीरता से विचार करें और इस रुके हुए काम आगे बढ़ाएं ।